(iii) Development of technology for rehabilitation of degraded lands.

(iv) Transfer of technology through demonstrations on community basis,

(v) Dssemination of implentable technology through publications and newsletters.

Insurance of Livestock

7129. SHRI SANJAY DALMIA: Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state:

(a) whether the livestock insurance to encourage the fanners to invest in high quality animals for augmenting milk production etc have come into being;

(b) if so, how many cattleheads have been insured under the scheme during 1992-93;

(c) what is the target fixed under this head during the current year; and

(d) what is the extent of success achieved following the adoption of the scheme so far?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI ARVIND NETAM): (a) Yes, Sir.

(b) Durng 1992-93, 79 lakh cattle-heads were insured as against the target of 70 lakh cattlehead9.

(c) The target fixed for the current year is 74 lakh cattleheads.

(d) 67.15 lakh cattleheads have been insured upto December, 1993.

गुजरात में अकाल

7130. श्रीमती आनन्दीबेन जेठाभाई पटेल: क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गुजरात के कच्छ, बनासकांठा, अहमदाबाद, राजकोट और जूनागढ़ जिलों के लोग अकाल का सामना कर रहे हैं ;

(ख) यदि हां, तो इस स्थिति से निपटने के लिए सरकार द्वारा क्या तात्कालिक कदम उठाये गये हैं ;

(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान इस स्थिति से निपटने के लिए सरकार द्वारा कितनी वित्तीय सहायता उपलब्ध करायी गयी है और क्या चालू वर्ष में कोई विशेष वित्तीय सहायता दी गयी है ;

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और यह सहायता कब तक दी जायेगी ;

(ङ) क्या अकाल की स्थिति से निपने के लिए कोई योजना सरकार के विचाराधीन है ; और

(च) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

कृषि मन्त्रालय में राज्य मंत्री (श्री अरविन्द नेताम) : (क) गुजरात सरकार ने कच्छ जिले के 956, जामनगर जिले के 674, जूनागढ़ जिले के 113, राजकोट जिले के 425 तथा भावनगर जिले के 251 गांवों को सूखा प्रभावित क्षेत्र घोषित किया है। राज्य सरकार ने सूचित किया है कि राज्य में कितनी भी स्थान पर अकाल जैसी परिस्थिति नहीं है।

(ख) राज्य सरकार द्वारा सूखे से निपटने के लिए किए गए उपायों में निम्नलिखित शामिल हैं :-

(i) प्रभावित व्यक्तियों को रोजगार करने के लिए नए निर्माण कार्य शुरू करना ;

(ii) वृद्ध, कमजोर तथा गर्भवती महिलाओं को नकद सहायता ;

(iii) संकटग्रस्त क्षेत्रों में टैंकर के माध्यम से पीने के पानी की सप्लाई ;

(iv) पशु शिविरों का संचालन एवं चारे की आपूर्ति।